# पहलगाम हत्याकांड का विरोध, सौंपा ज्ञापन

## हिंदू उत्सव समिति ने की कार्रवाई की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जम्मू कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पूर्व पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार, जघन्य हत्याकांड पर संपूर्ण देश में आक्रोश है। छिंदवाड़ा में हिंदू उत्सव समिति द्वारा इस जघन्य हत्याकांड की, हिंदुओं के धर्म पूछ पूछ कर उनसे कलमा पढ़ाकर, पर्यटकों से कपड़े उतरवा कर उनका धर्म पूछते हुए उनके परिवार के सामने गोली मारकर हत्या की गई। निर्दोष निरपराध हिंदुओं पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भारतीय सीमा से लगे पाकिस्तानी आतंकवादियों के कैंप पर सर्जिकल स्ट्राइक की मांग राष्ट्रपति से की है।

हिंदू उत्सव समिति ने देश में पाकिस्तान और पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों ने जिस प्रकार से इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया है उस पर कार्रवाई करते हुए भारतीय सीमा से लगे पाकिस्तान के सेना के नियंत्रण में जो आतंकवादी कैंप चलाए जा रहे हैं और जम्मू कश्मीर सहित पूरे देश भर में हिंदुओं के विरुद्ध जेहाद छेड़ा गया है।



हिंदुओं की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही है, पश्चिम बंगाल में घर से निकाल निकाल कर हिंदुओं की चुन-चुन कर उनकी हत्या की जा रही है, यह सब जेहादी मानसिकता का परिचायक है। हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से जम्मू कश्मीर समेत संपूर्ण देश में जिहादी मानसिकता वाले संगठनों पर पाबंदी लगाकर और उन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जेहादी ताकतों को समूल नष्ट करने की मांग की है।

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते समय हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष शंटी बेदी, संरक्षक हरिओम सोनी, शिव मालवी, दिवाकर सदारंग, अजय सक्सेना, विजय पांडे, संतोष राय, योगी मालवी, संदीप चौहान, लोकेश डेहरिया, अरुण शर्मा, धर्मेंद्र मिगलानी, आकाश शर्मा, आकाश पटेल, शानू वर्मा, रोशन सिंह शिंगणापुरे, रवि कैथवास, अभिलाष गौहर, दिनशु यादव, गोलू मालवी, राजेंद्र विश्वकर्मा, सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य गण उपस्थित थे ।

बता दें कि इस तरह से पाकिस्तान की नापाक हरकतों के कारण निर्दोषों की जान जा रही है अब समय आ गया है कि ऐसे आतंकी संगठनों को पालने वाले और उन्हें संरक्षण देने वालों पर ऐसी कार्यवाही हो की दुबारा सिर उठाकर इस तरह का हमला करने का दुसाहस कोई आतंकी संगठन और संरक्षण देने वाला न कर सके। ऐसी चारो दिशाओं से संगठनों की ओर से मांग की जा रही है।



## स्पा मैनेजर और मालिक कोर्ट में हुए हाजिर, रास्ते में पुलिस की गाड़ी खराब, पैदल चलाया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया रोड पर चल रहे ओशियन स्पा सेंटर में पड़ी रेड के बाद कल 23 अप्रैल को पुलिस ने सेंटर मालिक रामगोपाल मैना, मैनेजर पृथ्वी राज चौहान को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ले जाते समय रास्ते में पुलिस की गाड़ी खराब हो गई और दोनों आरोपियों को पैदल ही कोर्ट में पेश किया गया।

बता दें कि कल स्पा में ग्राहक बनकर पहुँची पुलिस ने रेड में दो युवतियों को सिवनी निवासी दीपक चौधरी और दिनेश भगत के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था। बता दें कि यहां पर लम्बे समय से गतिविधियां संचालित थी जिसकी शिकायत लोग कर रहे थे परंतु सबूत के अभाव में पुलिस कार्यवाही नहीं की थी। परंतु पक्का मुखबिर तंत्र होने के कारण सबूत मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 22 अप्रैल को धर दबोचा था और 23 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया गया। गाड़ी के बजाऐं पैदल चलाकर।

### सार-समाचार

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक प्रसिद्ध डायबिटोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप गाडगे 26 को छिंदवाड़ा में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में होने वाले शुगर जांच शिविर एवं सेमिनार में मधुमेह दिवस पर विश्व की सबसे बड़ी डायबिटिक हेल्थ स्क्रीनिंग में प्रोग्राम आयोजित करने के लिए गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में 2013 में अपना नाम दर्ज करने वाले देश के प्रसिद्ध डायबिटोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रदीप गाड़गे 26 अप्रैल को छिंदवाड़ा आ रहे हैं। वैश्य महासम्मेलन प्रदेश संगठन महामंत्री के नेतृत्व में होने वाले इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मधुमेह के प्रति व्याप्त भय को समाप्त करना है।



प्रदेश महामंत्री संभाग प्रभारी मनीष अग्रवाल ने बताया कि इस जांच शिविर के लिए पंजीयन प्रारंभ कर दिए गए हैं जिसमें मरीजो का उपचार 27 अप्रैल को प्रात: 6:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक विवांता हॉस्पिटल में किया जाएगा एवं दोपहर 3:30 बजे से नि:शुल्क वृहद सेमिनार गुरैया रोड स्थित रानी कोठी में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव करेंगे एवं कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगे। वैश्य महासम्मेलन संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि डॉक्टर साहब का सानिध्य हमें मिल रहा है यह कार्यक्रम पूर्णत: अनुशासित व गरिमामयी वातावरण में संपन्न होगा इसका लाभ अवश्य लें।

मीडिया प्रभारी विकास वात्सल्य ने बताया कि इस वृहद मधुमेह जांच शिविर एवं सेमिनार में मुंबई से ही सहयोगी डॉक्टर के रूप में डॉ. श्रीमती रोशनी गाड़गे, डॉ. काजल शर्मा, डॉ. पूजा सालगांवकर एवं डॉ. निकिता परलकर भी अपनी सेवाएं देंगी। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूपरेखा बनाने हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, तहसील अध्यक्ष बृजेश कालपीवार, मनोज बाकलीवाल, युवा इकाई के जिला प्रभारी शैलेन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष विशाल माहेश्वरी, नरेंद्र अग्रवाल बबलू, प्रवीण जैन, निलेश जैन, आकाश गुप्ता, नितेश जैन, शुभम साहू, संदीप जैन प्रशिक्षण अधिकारी, अजय चौरसिया, अंकेश साहू, पंकज साहू, संजय साहू, चेतन बज चानी, सुनील जैन दिगंबर, संदीप जैन गुरैया वाला, राजेश पांडे, पंकज जैन, कुंज राठी, संदीप साहू, मयंक नेमा, दयानंद चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## समर्थन मूल्य पर तुअर फसल उपार्जन के लिये छिंदवाड़ा जिले में एक उपार्जन केन्द्र का निर्धारण,

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के 28 मार्च 2025 में जारी नीति निर्देशानुसार जिला उपार्जन समिति की सहमति के बाद जिला छिन्दवाड़ा में पंजीकृत कृषकों से समर्थन मूल्य पर तुअर फसल उपार्जन किये जाने के लिये जिले में 01 उपार्जन केन्द्र का निर्धारण किया गया है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों को जिले के एक उपार्जन केन्द्र सहकारी विपण संस्था मर्यादित छिंदवाड़ा केन्द्र क्रमांक-1 एम.पी.डब्ल्यू.एल.सी-11 सिवनी रोड छिंदवाड़ा- 233600301 में पंजीकृत किसानों के तुअर फसल उपार्जन नीति वर्ष 2024-25 में जारी निर्देशों का पालन करते हुये तुअर फसल का समर्थन मूल्य 7550 रूपये प्रति क्विंटल पर 10 जून 2025 तक उपार्जन किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है ।

## उमरानाला में सौसर से छिन्दवाड़ा लाई जा रही शराब पकड़ी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में अवैध शराब तस्करी पर पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। सौसर से छिंदवाड़ा लाई जा रही 20 से 25 पेटी शराब को उमरानाला थाना क्षेत्र में पकड़ लिया गया है।


जानकारी के अनुसार शराब को एक कार एम.पी.-20 सी.बी.-3196 में भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध वाहन में बड़ी मात्रा में शराब लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने उमरानाला में नाकेबंदी की और कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी में कार से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। कार को जब्त कर लिया गया है और तस्करों से पूछताछ जारी है।



पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। फिलहाल मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करने वाली टीम को सराहना दी है और अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## स्वयं को मांजने से खिलता है नसीब : प्रो. अमर सिंह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा के अंग्रेजी विभाग द्वारा सोलहवीं शताब्दी के अंग्रेजी के विश्व प्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपीयर की जयंती व पुण्यतिथि को लेकर आयोजित अंग्रेजी भाषा दिवस में मुख्य अतिथि वक्ता बतौर बोलते हुए शासकीय महाविद्यालय चांद के प्राचार्य और अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रो. अमर सिंह ने शेक्सपीरियन साहित्य दर्शन से व्यक्तित्व विकास करने पर जोर देते हुए कहा कि दोष सितारों में नहीं होता है, बल्कि स्वयं में होता है।



जीवन एक रंगमंच है, जिस पर सभी को अपनी भूमिकाएं अदा करनी पड़ती हैं। प्रकृति की मंशा व मानव महत्वाकांक्षा के बीच असंतुलन के अंतर्द्वंद्व को त्रासदी कहा जाता है। विलियम शेक्सपीयर के जीवन दर्शन को समझकर हम प्रकृति के गूढ़ रहस्यों को जानकर अपनी पीड़ा कुछ कम कर सकते हैं।

प्रथमत: किसी भी घटित सौभाग्य या त्रासदी के लिए हम पूर्णतया योग्य होते हैं, तभी तो यह मिलती है। हमें बुरे काम के बुरे नतीजे तो भुगतने पड़ते ही हैं, कोई भी अच्छा अनुप्रयोग भी बिना दंडित हुए नहीं बचता है। संसार में मानव स्वभाव के सारे व्यापार भद्दे व घटिया हैं, फिर उनके दुष्परिणाम भुगतने के हकदार भी तो हमीं ही होंगे। हमेशा गलत लोग व जानलेवा परिस्थिति हमें जीवन के सही सबक सिखाती हैं। दुर्दिन की विभीषिकाएं ही हमें हम क्या हैं और क्या हो सकते हैं के बीच का अंतर साफ़-साफ़ बताती हैं।

दोष हमारे सितारों में नहीं होता बल्कि स्वयं हम में ही होता है। संसार तो एक रंगमंच है और हम सब इसके नाट्य प्रस्तुति के पात्र। अपनी भूमिका अदा कर इससे बाहर हो जाना हमारी नियति है। दिक्कत वहां खड़ी हो जाती हैं जहां पात्रों की कमी के कारण एक व्यक्ति को कई अच्छी बुरी मिश्रित भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं।

विभागाध्यक्ष अंग्रेजी प्रो. उमा पंड्या ने कहा कि शेक्सपीयर दर्शन बताता है कि जिंदगी के सबसे अच्छे सबक तूफ़ानों के उथलपुथल के बीच से ही तो निकलते हैं। जीवन एक चलती फिरती परछाई है, हक़ीक़त कुछ भी नहीं। जीवन मूर्ख द्वारा कही गई कहानी की तरह है जिसमें हल्ला गुल्ला बहुत होता है, पर घटनाओं की तार्किक संबद्धता कुछ भी नहीं होती है।

प्रो. नयन बाला दास गुप्ता ने कहा कि इस जगत में सब कुछ असंगत है, फिर जीवन को तर्क में बांधकर नाहक नाखुशी, मलाल व विकृत माथापच्ची क्यों ? यहां कोई नहीं बता सकता कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। प्रो. श्रीपाद आरोनकर ने कहा कि शेक्सपीयर दर्शन के अनुसार इस दुनियां में न तो कुछ अच्छा है, और न बुरा, जैसा सोचो, वैसा ही है।

# किसानों एवं डूब प्रभावित गांवों के लिए मांगा स्पेशल पैकेज

## मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से मिले छिन्दवाड़ा सांसद विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात करते हुए छिन्दवाडा सिंचाई काम्पलेक्स परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति के लिये स्पेशल पैकेज की मांग एवं मोहगांव जलाशय के अंतर्गत किसानों को हो रही परेशानियों एवं उनकी मांगों को लेकर चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात के दौरान उन्हें बताया कि संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के अंतर्गत बहुउद्देशीय परियोजना छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना की स्वीकृति प्राप्त है। इस योजना की जल भराव क्षमता 651.33 मि.घ.मी. है, जिससे छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव, मोहखेड़, बिछुआ, चौरई, उमरेठ, सौंसर एवं पांढुर्णा विकासखण्डों की 190500 हेक्टेयर सिंचाई प्रस्तावित है। इस परियोजना से सिंचाई के अतिरिक्त समीपवर्ती क्षेत्रों के पीने के पानी की समस्या हेतु पेयजल, औद्योगिक उपयोग एवं विद्युत उत्पादन हेतु जल सुरक्षित रखने का प्रावधान है।



उन्होंने मुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री को बताया कि इस योजना में कुछ बाधाएं आ रही है, जिसे शासन स्तर पर हल किया जा सकता है। जिसके अंतर्गत परियोजना में पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन प्रस्तावित है जिसके लिए स्पेशल पैकेज की स्वीकृति शासन स्तर से लंबित है। परियोजना से वन भूमि प्रभावित हो रही है जिसके लिए छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के अलावा अन्य जिलों से भी गैर वन भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। वन विभाग छिन्दवाड़ा की भूमि के बदले अन्य जिलों की भूमि को वनों के लिये आवंटित किया जाना प्रस्तावित है।

सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री से मांग की है कि इस बहुउद्देशीय योजना के लिए विशेष भू-अर्जन एवं पुनर्वास अनुदान पैकेज की स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन से प्रदान करने तथा अन्य जिलों से गैर वनभूमि उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के अन्य जिलों के जिलाध्यक्षों को निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे की उक्त भूमि प्राप्त होने पर वन प्रकरण की स्वीकृति हो सके।

**मोहगांव जलाशय के मुद्दों पर की चर्चा**

सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात के दौरान बताया कि पांढुर्णा जिले के अंतर्गत मोहगांव जलाशय के क्षेत्र में आ रहे किसानों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर पिछले दिनों किसानों ने उनसे मुलाकात की थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि कुछ किसानों की संपत्ति का अवार्ड एवं मुआवजा प्रकरण तैयार नहीं किए गये है। 109 किसानों द्वारा आवेदन दिए गये है जिसका निराकरण लंबित है। भूखंड आवंटन के बदले नकद राशि लेने वाले किसानों को 50 हजार की राशि मिलना बाकी है।

65 किसानों के प्रकरण सौंसर न्यायालय में विचाराधीन है। ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम भुम्मा से मुगनापार, भुम्मा से घोडकी ढाना, नंदवानी से सरकी खापा मार्गो का निर्माण नहीं किया गया है, जिसमें लगभग 200 किसानों की करीब 150 हेक्टेयर भूमि आती है, मार्गो का निर्माण नहीं होने से भूमि स्वामी किसान खेती नहीं कर पा रहे है। इसी के साथ ही किसानों की भूमि की रजिस्ट्री के मुद्रा शुल्क को लेकर भी सांसद श्री साहू ने चर्चा की।

मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात के अवसर पर संगठन के छिंदवाड़ा प्रभारी संतोष पारीक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**सांसद ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री सहित प्रदेश संगठन मंत्री से की मुलाकात**

सांसद बंटी विवेक साहू ने भोपाल प्रवास के दौरान बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात की और छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकास कार्यो की जानकारी देते हुए विकास कार्यो को गति देने एवं अन्य कार्यो की स्वीकृति सहित राशि की मांग की है। वहीं दोनों जिलों में संगठन की गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की है।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू दो दिनों से भोपाल दौरे पर है। पिछले दिनों उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की थी, वहीं बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात की है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्रालय व मेडिकल शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मुलाकात करते हुए सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा में हो रहे सिम्स के निर्माण, छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज सहित छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में संचालित हो रही विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया एवं अन्य विकास कार्यो को गति देने के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग भी की।

वहीं प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा एवं प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात करते हुए दोनों जिलों में संगठन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और आगामी कार्य योजना को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में किए जा रहे विकास कार्यो और आगामी योजनाओं को लेकर भी बात की। इस दौरान सांसद श्री साहू के साथ जिले के प्रभारी संतोष पारीक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कल कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई।

इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर और प्रभावी ढंग से किया जाए ताकि लाभार्थियों को समय पर सुविधाएं मिल सकें।

बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ. नरेश गोन्नाडे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.एन. साहू, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अर्चना कैथवास, एस.एन.सी.यू. नोडल अधिकारी डॉ. अशु लंबा, जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी डॉ. प्रमोद वासनिक एवं सभी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी तथा विकासखंडों के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बी.पी.एम., बी.सी.एम. एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ. हेमन्त छेकर तथा समस्त विकासखंडों के सी.डी.पी.ओ. उपस्थित थे।



**योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता और प्रभावशीलता के निर्देश**

कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन और उनमें एनीमिया की पहचान पर विशेष ध्यान देने को कहा और चेतावनी दी कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मातृ मृत्यु दर में गिरावट पर विभाग को बधाई**

कलेक्टर श्री सिंह ने बीते वर्ष की तुलना में मातृ मृत्यु दर में आई गिरावट की सराहना की। साथ ही आयुष्मान भारत, निरोगी काया और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के तहत हुए सुधार पर स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को बधाई दी।

**टीबी उन्मूलन में मिली सफलताए भविष्य के लिए शुभकामनाएं**

टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति पर कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय प्रयासों की सराहना करते हुए आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।

**पोषण ट्रैकर डेटा अपडेट न करने पर जताई नाराजगी**

कलेक्टर श्री सिंह ने पोषण ट्रैकर डेटा के नियमित रूप से अपडेट न किए जाने पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि बच्चों एवं महिलाओं की पोषण स्थिति पर प्रभावी निगरानी हेतु सभी संबंधित डेटा समय पर अपलोड किया जाए। साथ ही बच्चों के वजन, लंबाई एवं पोषण स्तर की नियमित जांच कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर भी दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र महिलाओं का शीघ्र पंजीयन कर उन्हें सहायता राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

**एल-1 डिलीवरी पॉइंट्स और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष जोर**

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने एल-1 डिलीवरी पॉइंट्स की संख्या बढ़ाने और हाई रिस्क श्रेणी की गर्भवती महिलाओं की समुचित निगरानी के निर्देश दिए, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में और अधिक सुधार किया जा सके।



## जंगली सुअर का फंदा लगाकर शिकार करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्राधिकारी छिन्दवाड़ा पूर्व वन मण्डल सामान्य पंकज शर्मा ने बताया कि ग्राम पिपरियालालू के समीप कुछ व्यक्तियों के द्वारा एक जंगली सूअर जिसकी उम्र लगभग एक वर्ष का भाले एवं फंद्धों से खेदा करके शिकार किया गया। इसमें से एक व्यक्ति जतिराम ग्राम पिपरियालालू को गिरफ्तार कर के न्यायालय के समक्ष उपस्थित किया गया। एक पकड़े गए आरोपी के बयान के आधार पर अन्य लोगों की पतासाजी की जा रही है, उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और वन्यप्राणी अधिनियम के धाराओं में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**सार समाचार**

## नकुलनाथ की मदद से पहलगाम से सुरक्षित घर लौटेंगे चौरई के नवीन पटेल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कड़ी निंदा करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस नापाक हरकत के खिलाफ देश के नागरिकों का खून खौल रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से पहलगाम पहुंचे पर्यटकों पर हुए हमले के वक्त छिन्दवाड़ा जिले के चौरई निवासी उन्नतशील किसान नवीन पटेल अपने भी अपने साथियों के साथ वहां मौजूद थे।



चौरई निवासी नवीन पटेल आतंकी हमले के समय पहलगाम में उपस्थित थे और वे बहुत डरे हुए हैं यह जानकारी कमलनाथ को मिली तो उन्होंने तत्काल जम्मू कश्मीर में अपने व्यक्तिगत सम्बंधों से नवीन पटेल व उनके एक अन्य साथी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के उपरांत आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करवाई साथ ही उनसे चर्चा कर सम्बल बढ़ाया ताकि वे दहशत से बाहर निकल सकें।

नकुलनाथ के निर्देश पर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण चौरई स्थित नवीन पटेल के निवास पहुंचे और परिवारजनों से नकुलनाथ की दूरभाष पर बात करवाई। श्री नाथ ने परिवारजनों को आश्वस्त किया कि नवीन पटेल पूरी तरह से स्वस्थ्य एवं सुरक्षित स्थान पर भी है इसीलिये चिंता की कोई बात नहीं है।

नकुलनाथ के द्वारा विषम परिस्थितियों में पहुंचाई गई मदद से नवीन पटेल सुरक्षित व सकुशल जल्द घर लौटेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पप्पू यादव, गोलू पटेल, ब्रजेश टिंकू राय, प्रवीण ओकटे, शैलेन्द्र उर्फ शैलू सेंगर सहित कांग्रेस के अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवीन पटेल के निवास पहुंचकर उनके परिवारजनों से नकुलनाथ की दूरभाष पर चर्चा कराई तो परिवार के सदस्यों ने नकुलनाथ का हृदय से आभार माना है।

## आपका महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत रात्रि में लगाई चौपाल, खैरी भोपाल में किया जनसंवाद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महापौर विक्रम अहके आपका महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न वार्डो में पहुंचकर आम जनमानस से चर्चा कर उनके सुख दुख में शामिल होने के साथ साथ उनकी समस्याओं को जानने पहुंचते है एवं यथास्थान पर हर संभव समस्याओं का निराकरण करने हेतु प्रयासरत रहते है।

इसी क्रम में आज रात्रि महापौर जी वार्ड क्रमांक 09 के खैरी भोपाल पहुंचे एवं जनसंवाद किए इस दौरान वार्डवासियों ने विभिन्न समस्याओं से महापौर को अवगत कराया जहां पर महापौर ने संबंधित अधिकारी से तत्काल चर्चा कर समाधान करने हेतु आदेशित किया इस दौरान वार्डवासियों ने महापौर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, बूथ अध्यक्ष विकास पटेल सहित भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।





## श्री सिद्धेश्वर वरद विनायक प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत महापुराण कथा आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव मंगलवार को गांगीवाड़ा स्थित नाग चौक में आयोजित श्री सिद्धेश्वर वरद विनायक प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के समापन अवसर पर कथा में शामिल हुए एवं यज्ञ में सम्मिलित होकर आहुति दी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कथावाचक गुरुदेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किए। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, अजय सक्सेना, सभापति राहुल बंटी उईके, प्रमोद शर्मा, जनभागीदारी अध्यक्ष भारत घई, विजेन्द्र चौहान, नितेश पटेल, अभिषेक वर्मा उपस्थित रहे।



## जनसमर्थन के साथ मैदान में उतरी कांग्रेस ने कराए हस्ताक्षर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा शासित नगर पालिक निगम के द्वारा जनता पर थोपे गए टैक्स के विरोध में कांग्रेस का महा हस्ताक्षर अभियान लगातार जारी है। कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण व कार्यकर्तागण क्रमवार नगर निगम क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर बढ़ाए गए टैक्स के विरोध में जनसमर्थन जुटा रहे हैं। शहर कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है।

शहर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस पार्षददल के द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में आज नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 39 स्वामी विवेकानंद वार्ड के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचकर कांग्रेस की महिला नेत्रियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़े हुए कर के खिलाफआमजन से हस्ताक्षर करा समर्थन लिया।

# कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च, पहलगाम पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई आतंकी वारदात में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए छिन्दवाड़ा शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कैंडल मार्च निकाला गया। शहीद स्मारक पहुंचकर समस्त कांग्रेसजन ने आतंकवाद कर शिकार हुए लोगों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहर कांग्रेस ने आतंकवाद की क? शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हिंसा का यह राक्षसी कृत्य अंतरात्मा को झंकझोर देने वाला है। आतंकवाद क्रूरता व अमानवीयता को जन्म देता है। भारत के मुकुट कश्मीर में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने गए पर्यटकों के नरसंहार की वारदात की कांग्रेस कठोर निंदा करती है। इस क्रूरता के चलते जान गंवाने वाले वाले लोगों को कांग्रेस ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

आयोजित कैंडल मार्च में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटेए आनंद बक्षीए धर्मेन्द्र सोनू मागोए पप्पू यादवए आशीष चौधरी बबला पटेलए तरूण करा?ए मंजू बैसए दीपा यादव सहित कांग्रेस के समस्त विभागए प्रकोष्ठ व अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## निगम के संपत्ति कर संग्रहण काउंटर हुए प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पिछले वित्तीय वर्ष के समाप्ति के बाद नगर निगम का ई नगर पालिका पोर्टल अपडेशन होने तक बंद किया गया था। अब नवीन कर निर्धारण की दरों एवं उपभोक्ता प्रभार शुल्क के पोर्टल पर अपडेट होने के उपरांत करदाता नगर निगम के मुख्यालय, कुकड़ा जगत जोन, जगन्नाथ जोन, चंदनगांव जोन एवं लोनिया करबल जोन कार्यालय में अपने संपत्ति कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार की राशि जमा कर सकते है। इसके साथ ही ई नगर पालिका एप्लिकेशन के माध्यम से घर बैठे भी करो की राशि जमा की सकती है।

वर्तमान में नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा संपत्ति कर भुगतान में संपत्ति कर मद की राशि पर 6.25 प्रतिशत की छूट करदाताओं को दी जा रही है जिसका लाभ भी करदाता उठा सकते हैं।

## छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में हुआ तीन दिवसीय मेडिटेशन सेंशन का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अधिष्ठाता डॉ अभय कुमार के निर्देशन में मेडिटेशन सेशन का आयोजन हुआ। हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के डॉ. सैदुलू गद्दाम ने रिलेक्सेशन और मेडिटेशन सत्र में मन और शरीर को ध्यान के माध्यम से डी-स्ट्रेस होने का तरीका बताया।

उक्त मेडिटेशन शिविर का आयोजन प्रभारी अधिकारी डॉ. मेघा जैन और डॉ. हेमंत अहिरवार द्वारा किया गया। सेशन में डॉ. सिरपुरकर, डॉ. सैयाम, डॉ. अश्विनी, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. तपेश, डॉ. दिलीप, डॉ. रीना सहित अन्य चिकित्सक, छात्र/छात्राएं और परिजन मौजूद थे। सभी ने इस अवसर का सुखद अनुभव का लाभ उठाया और इस शिविर की भूरि भूरि सराहना की।

# दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उमेश गोल्हानी ने बताया कि कल 23 अप्रैल 2025 की शाम 5:00 बजे लगभग कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की कुलबहेरा नदी के घोगरा घाट मे नहाने गए तीन नाबालिक लड़को में से एक लड़का फैज खान पिता अनीश खान निवासी दीवाचिपुरा का नहाते-नहाते पानी मे डूब गया और बाहर नहीं आया।



तत्काल कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोहलानी के द्वारा थाना स्टॉफ को लेकर पहुचे जहो पुलिस कण्ट्रोल रूम के माध्यम से एस.डी.आर.एफ. की टीम को सूचित किया गया, एस.डी.आर.एफ. की टीम मोके पर पहुंची जहा कोतवाली थाना से ए.एस.आई. नारायण बघेल, ंप. ब्रिजेश रघुवंशी, कांस्टेबल निक्की विश्वकर्मा, कांस्टेबल विकास बैस एवं एस.डी.आर.एफ. की टीम के द्वारा नदी में अंदर जाकर शव को नदी के पानी से बाहर निकाला है।

मृतक फैज पिता अनीस खान उम्र 16 साल निवासी दीवाचिपुरा के साथ दो अन्य लड़के नुमान पिता इरफान मलक उम्र 15 साल निवासी बैल बाजार एवं अरहान पिता नवसाद खान 12 साल निवासी दिवांचिपुरा जो की सुरक्षित है। मृतक फैज के शव को मरचूरी रूम में रखा गया है पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच मे लिया गया है। जांच उपरांत पता चल सकेगा कि युवक कैसे डूबा। बहरहाल घटना के बाद से परिजनों में शोक की लहर है।

# डीएसपी प्रियंका पांडे डीजीसीआर मैडल से सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश द्वारा जारी आदेशानुसार छिंदवाड़ा जिले में महिला सेल में पदस्थ पुलिस अधीक्षक डी.एस.पी. प्रियंका पांडे को डी.जी.सी.आर. डायरेक्टर जनर्लस कमाण्डेशन रोल मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें सात अनसुलझे प्रकरणों को सफलता पूर्वक सुलझाने एवं आरोपियों को न्याय दिलवाने के उनके अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।



डीएसपी प्रियंका पांडे पूर्व में जिला सिंगरौली में पदस्थ थीं, जहाँ उन्होंने महिला संबंधी अपराधों की गंभीर विवेचना करते हुए सात मामलों में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाने में निर्णायक भूमिका निभाई, उनके इस साहसी एवं न्यायप्रिय कार्य को मान्यता देते हुए पुलिस मुख्यालय ने उन्हें डीजीसीआर मेडल से विभूषित किया है।

पुलिस विभाग उनकी प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट सेवा पर गर्व महसूस करता है। यह सम्मान महिला सुरक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करने में उनके अथक योगदान का प्रतीक है।

## ग्राम पंचायत नांदनवाड़ी में एसडीएम, तहसीलदार एवं सीईओ ने किया जनमन आवास का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार कल 23 अप्रैल को जिले के विकासखंड अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत नांदनवाड़ी में एस.डी.एम., तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा जनमन आवास का निरीक्षण किया गया एवं 26 हितग्राहियों को आवास शीघ्र पूर्ण करने के लिये समझाईश दी गई।